भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2303

जिसका उत्तर सोमवार, 15 दिसंबर, 2025/24 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया गया

नगरीय सहकारी बैंक

2303. श्री सौमित्र खान:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पश्चिम बंगाल में नगरीय सहकारी बैंकों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या इनमें से किसी नगरीय सहकारी बैंक को लघु वित्त बैंक (एसएफबी) में बदले जाने पर विचार किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) पश्चिम बंगाल में सहकारी क्षेत्रों के लिए सरकार द्वारा संस्वीकृत धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (ख): आरबीआई द्वारा सूचित किए गए अनुसार, पश्चिम बंगाल में कुल 42 शहरी सहकारी बैंक (यूसीबी) हैं इनमें से और किसी भी यूसीबी से उन्हें लघु वित्त बैंक (एसएफबी) में परिवर्तित किए जाने के संबंध में आरबीआई को कोई भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग): पिछले पांच वर्ष के दौरान, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) ने पश्चिम बंगाल में सहकारी समितियों के विकास के लिए 46.66 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है।

*****